सराहनीय

आजमगढ़ को दूसरा और अंबेडकरनगर को मिला तीसरा स्थान

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में जौनपुर अव्वल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में चल रहे प्रयासों के बीच 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' युवाओं के रोजगार और स्वरोजगार की सबसे पसंदीदा योजना बन चुकी है।

जौनपुर ने शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है, जबकि आजमगढ़ को दूसरा और अंबेडकरनगर को तीसरा स्थान मिला है। कौशांबी, हरदोई, झांसी, रायबरेली व बहराइच जिलों का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा है।

जौनपुर के जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह के अनुसार, जिले में 2,250 लक्ष्य के सापेक्ष 2,256 युवाओं को लोन दिया गया है। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान चलाकर युवाओं को बैंकों से जोड़ते हुए स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। इस उपलब्धि में जिला प्रबंधक अभय प्रकाश श्रीवास्तव की प्रमुख भूमिका रही। आजमगढ़ के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि अप्रैल माह से सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप आजमगढ़ लगातार दूसरे स्थान पर बना हुआ है। जिले को 2,250 का लक्ष्य मिला था, जिसके सापेक्ष 2,085 युवाओं को लोन वितरित कर 92.67 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है। उन्होंने बताया कि पहले यह जिला 25वें स्थान पर था, पर निरंतर समीक्षा और कार्यशालाओं के चलते उल्लेखनीय सुधार हुआ। इसी तरह अंबेडकरनगर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि बैंकर्स के साथ नियमित बैठकें कर 1,900 लक्ष्य के सापेक्ष 1,485 युवाओं को लोन वितरित किया गया।

इसके अलावा कौशांबी ने चौथा और हरदोई ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। झांसी, रायबरेली और बहराइच का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा।

- कौशांबी, हरदोई, झांसी, रायबरेली और बहराइच जिले सराहनीय



## अब तक 2,76,824 आवेदन, 71,918 लोगों को मिला लोन

वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1.50 लाख के लक्ष्य के सापेक्ष सात माह में 2,76,824 युवाओं ने लोन के लिए आवेदन किया है। इनमें से 2,26,511 आवेदनों को बैंक को भेजा गया, जबकि 73,191 को स्वीकृति मिल चुकी है। अब तक 71,918 युवाओं को स्वरोजगार के लिए लोन वितरित किया जा चुका है।